अति महत्वपूर्ण/कोविड–19

संख्या– 704 /पांच–5–2020

प्रेषक,

वी0हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिलाधिकारी
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–5

लखनऊः दिनांक 25 मार्च, 2020

विषयः नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम गठित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पत्र संख्या–694/पांच–5–2020 दिनांक 24 मार्च, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करें (प्रति संलग्न), जिसके माध्यम से अनुश्रवण हेतु टीमों का गठन किये जाने के निर्देश दिये गये थे। इसकी सूचना आज दिनांक 25.03.2020 को अपरान्ह 12.00 बजे तक उपलब्ध करायी जानी थी। लेकिन अभी तक यह सूचना प्राप्त नहीं हुई हैं।

कृपया संलग्न पत्र में उल्लिखित कमेटियों का गठन कर इसकी सूचना प्रत्येक टीम हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुये उनके नाम, पदनाम वं मोबाइल नम्बर की सूचना ईमेल आईडी–secupmhfw@gmail.com व वाटसैप नम्बर 9453605063 उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नकःयथोपरि।

भवदीया,

(वी0हेकाली झिमोमी)
सचिव

संख्या–694(1)पांच–2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक संचारी, रोग, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव

महत्वपर्ण / समयबद्ध

संख्या–694 / पांच–5–2020

प्रेषक,

वी0 हेकाली झिमोमी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–5 **लखनऊ दिनॉक 24 मार्च, 2020**

विषय–नोवल कोरोना वायरस (कोविड–19) के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु टीम गठित करने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत है कि कोविड–19 की रोकथाम, एवं बचाव के संबंध में कार्यवाही हेतु शासन स्तर से समय–समय पर विभिन्न दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। जनपद स्तर पर इस संबंध में की जा रही कार्यवाहियों के प्रभावी अनुश्रवण की नितान्त आवश्यकता है।

2– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जनपद स्तर पर की जा रही कार्यवाहियों की समीक्षा हेतु प्रत्येक जनपद में निम्नलिखित टीमों का गठन करने का कष्ट करें :–

1. **हास्पिटल प्रिपेयर्ड्नेस अनुश्रवण टीम (Hospital Preparedness)**
   उक्त टीम का यह दायित्व होगा कि वह सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र मे आइसोलेशन एवं क्वारेन्टाइन की व्यवस्था का अनुश्रवण करेगी तथा यह भी सुनिश्चित करेगें कि चिकित्सालयों में मॉक ड्रिल्स/ट्रेनिंग सम्पन्न हो रही है एवं विसंक्रमण प्रोटोकाल (Disinfection Protocol) का पालन किया जा रहा है।
2. **संसाधन, परिवहन एवं आपूर्ति अनुश्रवण टीम (Logisitics, Transport & Supply)**
   उक्त टीम संसाधनों के परिवहन एवं आपूर्ति का अनुश्रवण करेगी।
3. **सर्विलांस मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग अनुश्रवण टीम (Surveillance Monitoring & Reporting)**
   उक्त टीम सर्विलांस मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग का अनुश्रवण करेगी।

उक्त टीमों में चिकित्सा विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों को भी सम्मिलित किया जा सकता हैं।

4– कृपया उपरोक्तानुसार अपने जनपद में टीम गठित कर प्रत्येक टीम हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनके नाम, पदनाम एवं मोबाइल नम्बर की सूचना निदेशक, संचारी रोग की ई–मेल आई0डी– **aesjestate@gmail.com** पर दिनांक 25.03.2020 को मध्याह्न 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वी0 हेकाली झिमोमी)
सचिव।

संख्या–694(1) / पॉच–5–2020 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश।
2–निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0।
3– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

vk sir.go-com4